


# बालगीत

**C**



# चन्दा मामा

चन्दा मामा दूर के,
पुए पकाएँ बूर के।
आप खाएँ थाली में,
मुन्ने को दें प्याली में।
प्याली गई टूट,मुन्ना गया रूठ।
लाएँगे नई प्यालियाँ, बजा-बजा के तालियाँ,
मुन्ने को मनाएँगे,हम दूध मलाई खाएँगे।।

**LET ME ANSWER**

क्या आपको चाँद पसंद है?
चन्द्रमा कहाँ स्थित है?
पूर्णिमा पर चन्द्रमा का आकार कैसा होता है?



# चुन्नू-मुन्नू

चुन्नू-मुन्नू थे दो भाई,
रसगुल्ले पर हुई लड़ाई,
चुन्नू बोला-"मैं भी लूँगा",
मुन्नू बोला-"मैं भी लूँगा"।
झगड़ा सुनकर मम्मी आई,
दोनों को दो चपत लगाई,
"आधा तू ले चुन्नू बेटा"
"आधा तू ले मुन्नू बेटा"
"ऐसा झगड़ा कभी न करना,
दोनों मिलकर प्रेम से रहना।।"

**LET ME ANSWER**

क्या आप अपने भाई-बहनों के साथ खेलते हैं? क्या आपको अपने भाई-बहनों के साथ खेलने में मज़ा आता है?



# डाकिया

देखो एक डाकिया आया,
थैला एक हाथ में लाया।
पहने है वो खाकी कपड़े,
चिट्ठी कई हाथ में पकड़े।
बाँट रहा घर-घर में चिट्ठी,
मुझको भी दो लाकर चिट्ठी।
चिट्ठी में सन्देशा आया,
शादी में है हमें बुलाया।
शादी में सब जाएँगे हम,
खूब मिठाई खाएँगे हम।।




**LET ME ANSWER**

क्या आपने कभी डाकिया देखा है?
डाकिया क्या पहनता है?
एक डाकिया क्या करता है?

# गुब्बारे

रंग-बिरंगे गुब्बारे,
लगते प्यारे-प्यारे।
कोई लम्बा, कोई गोल,
कोई मोटा जैसे ढोल।
गैस-भरी उड़ जाता वो,
वापस कभी न आता वो।
मम्मी मेरा रूम सजा दो,
ढ़ेर गुब्बारे मुझे दिला दो।।



**LET ME ANSWER**

क्या आपको गुब्बारे पसंद हैं?
इन गुब्बारों के रंगों के बारे में बात करें।



# नए साल में

चूहा बोला नए साल में,
ऐसी हैल्थ बनाऊँगा।
बहुत सताया है बिल्ली ने,
उसको कच्चा खाऊँगा।
तभी सुनाई पड़ी दूर से,
बिल्ली जी की म्याऊँ।
चूहा बोला चलता हूँ घर,
करके कसरत आऊँ।।

**LET ME ANSWER**

नए साल पर आप क्या करना चाहते हैं?
क्या आप नया साल मनाते हैं?
चूहा क्या कह रहा है?

# परियों की शहज़ादी

मैं शहज़ादी परियों की हूँ,
आसमान में मेरा घर।
राहों में मेरी बिछे सितारे,
मेरा पता है चाँद नगर।
मैं कलियों सी सुंदर कोमल,
चाहूँ जहाँ पर जाती हूँ।
हवा के संग में बातें करती,
नील गगन में उड़ती हूँ।।



**LET ME ANSWER**

क्या आप एक परी की कल्पना कर सकते हैं?
क्या आप एक परी के पंखों की कल्पना कर सकते हैं?



# मोटे लाला

बिजली चमकी, बादल छाए,
छम-छम करती बारिश आई।
लाला ने जब दौड़ लगाई,
कुछ न दिया उसे दिखाई।
इतने में एक मोटर आई,
मोटे लाला से टकराई।
लाला का तो कुछ न बिगड़ा,
पर मोटर का बोनट पिचका।
अब तो होगी खूब लड़ाई,
अब लाला की शामत आई।।

**LET ME ANSWER**

तस्वीर को देखें और बताएं कि बारिश के दौरान बाहर कैसे निकलेंगे
क्या आपने कभी बड़े पेट वाले आदमी को देखा है?




# म्याऊँ-म्याऊँ

म्याऊँ-म्याऊँ, म्याऊँ-म्याऊँ,
किस को छोड़ूँ!
किस को खाऊँ!
एक तरफ है दूध मलाई,
एक तरफ है चुहिया आई,
किस को खाऊँ!
किस को खाऊँ!
म्याऊँ-म्याऊँ, म्याऊँ-म्याऊँ॥

**LET ME ANSWER**

बिल्ली कैसे आवाज करती है?
एक बिल्ली क्या खाती है?
क्या आपने कभी किसी बिल्ली को छुआ है?



# कछुआ जीत गया

रहते थे एक जंगल में, कछुआ और खरगोश,
दोनों ने ही दौड़ लगाई, भागे वन की ओर।
चलते-चलते, खरगोश सो गया, एक पेड़ के नीचे,
धीरे-धीरे, चलकर भी, कछुआ ही दौड़ को जीते।
तुम्हीं बताओ बच्चो कैसे, हार गया खरगोश,
आलस में रह गया बेचारा, खोकर अपने होश।।



**LET ME ANSWER**

क्या आपने कभी कछुआ देखा है?
कछुए के पीछे क्या है?

# गाओ गीत

आओ बच्चो गाओ गीत,
मिलने जुलने में है प्रीत।
होगा जग में ऊँचा नाम,
करें हमेशा अच्छे काम।
सत्य, प्रेम को हम अपनाएँ,
सबके ही प्यारे बन जाएँ।
आसमान धरती का मीत,
आओ बच्चो गाओ गीत।।



**LET ME ANSWER**

क्या आप गाना गाते हैं?
आपका पसंदीदा कौन सा गाना है?

# लकड़ी की काठी

लकड़ी की काठी, काठी पे घोड़ा,
घोड़े की दुम पे जो मारा हथौड़ा,
दौड़ा, दौड़ा, दौड़ा, घोड़ा दुम उठा के दौड़ा।
घोड़ा पहुँचा चौक में, चौक में था नाई,
घोड़े जी की नाई ने हजामत जो बनाई,
चग-बग, चक-बग, चग-बग, चक-बग,
दौड़ा, दौड़ा, दौड़ा, घोड़ा दुम उठा के दौड़ा।।



LET ME ANSWER

क्या आपने कभी यह कविता सुनी है?
इस कविता को कैसे गाएं? क्या आपको खिलौने पसंद हैं?

# मेरा घोड़ा

मेरा घोड़ा बढ़ता जाए,
दौड़ में सबसे आगे आए।
और भी आगे बढ़ता चल,
चलता चल, बढ़ता चल।
हवा से बातें करता है,
तूफान से कब डरता है।
धूल उड़ाता, धूम मचाता,
कूद-फाँदकर नाचता-गाता।।



LET ME ANSWER

क्या आपके पास पालतू जानवर है?
क्या आपको पालतु जानवर पसंद हैं?

# टमाटर

गोल-गोल ये लाल टमाटर,
होते जिससे गाल टमाटर।
खून बढ़ाता लाल टमाटर,
फुर्ती लाता लाल टमाटर।
स्वस्थ बनाता लाल टमाटर,
मस्त बनाता लाल टमाटर।
हम खाएँगे लाल टमाटर,
बन जाएँगे गाल टमाटर।।

**LET ME ANSWER**

क्या आपको टमाटर का स्वाद पसंद है? टमाटर में छोटे बीज देखे हैं?




# स्कूल बस

बस मेरी स्कूल चली,
और सब कुछ भूल चली।
बच्चे इसमें हुए सवार,
पों-पों सुनकर हुए तैयार।
नीली-पीली रंगों वाली,
चलती जाती है मतवाली।।

**LET ME ANSWER**

इस स्कूल बस का रंग क्या है?
क्या आपको स्कूल बस से यात्रा करना पसंद है?



# जैसे को तैसा

एक जंगल में एक चालाक लोमड़ी रहती थी। उसे दूसरों को मूर्ख बनाने में बहुत मज़ा आता था। एक दिन लोमड़ी ने सारस को दावत के लिए बुलाया। लोमड़ी ने सारस को खीर एक छिछले से बड़े थाल में परोसी। सारस की चोंच लम्बी होने के कारण वह खीर नहीं खा सका। अंत में निराश होकर वह भूखे पेट ही वापस लौट आया।



सारस ने बदला लेने के लिए लोमड़ी को दावत पर अपने घर बुलाया। लोमड़ी दावत के लिए सारस के घर पहुँची। सारस ने टमाटर का सूप बनाया और उसे एक सँकरे मुँह वाले बर्तन में परोसा। बर्तन का मुँह सँकरा होने के कारण लोमड़ी सूप नहीं पी सकी। अब उसे अपनी गलती का एहसास हो गया । वह अपने किए पर बहुत पछताई।



LET ME ANSWER

क्या आपको लगता है कि लोमड़ियां चालाक होती हैं?
हंस और लोमड़ी क्या खाते हैं?

**शिक्षा:-** बच्चो, इसलिए कहा गया है कि बुरे काम का बुरा नतीज़ा होता है।